


# दीप पर्व दीपावली की शुरूआत होगी आज धनतेरस से

## बाजार में भीड़भाड़ के बीच लोगों ने की खूब खरीदारी

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17 अक्टूबर।** नगर में दीप पर्व दीपावली की शुरूआत आज धनतेरस के साथ ही शुरू होने जा रही है जिसमें सर्वप्रथम धनवंतरी भगवान की पूजा घर-घर की जाएगी और बर्तनों की खरीदी को लेकर बर्तन दुकानों पर भीड़ उमड़ेगी। खासतौर से बर्तन व्यावसायी दुकानदारों ने भी ना-ना प्रकार की वैरायटियों को अपने प्रतिष्ठान पर रखकर ग्राहकों के आगमन की तैयारियां की गई है।



दीप पर्व दीपावली के त्यौहार को लेकर बाजार में लोगों का अंबार उमड़ रहा है और लोग अपनी जरूरतों के अनुसार बाजार में खरीदारी करते हुए नजर आ रहे है। यहां शहर के प्रमुख बाजार सर्राफा मार्केट, गांधी चौक, कोर्ट रोड़, सदर बाजार जैसे प्रमुख बाजार में तो आने-जाने के लिए लोगों ने पैदल चलने का ही रास्ता चुना, वहीं दूसरी ओर कोर्ट रोड़ पर जरूर दुपहिया वाहनों के आने-जाने हेतु वैकल्पिक मार्ग सुचारू रूप से चलायमान रहा। दीपावली के इस पर्व पर शहर के कपड़ा बाजार में भी खूब खरीदारी हुई तो वहीं दुपहिया वाहनों को भी शोरूम पर पहुंचकर कई ऑफर का लाभ दिलाते हुए विक्रय किया गया। ई-इलेक्ट्रॉनिक्स बाईक्स में भी लोगों ने रूचि दिखाई और करीब धनतेरस से लेकर दीपावली तक जिले भर में 1500 से 2000, बाईक, स्कूटर, ईबाईकों का विक्रय करने का कारोबार होने का अनुमान है। इसके साथ ही अब दीपावली पर बाजार में घर सजाने को लेकर मिष्ठान की दुकानों पर लोगों का हुजूम उमड़ेगा और इसके साथ ही उपहार खरीदारी भी होगी ताकि कई लोग दीपावली पर एक-दूसरे को तोहफे के रूप में उपहारों का भी आदान-प्रदान कर सकें। शुभ दीपावली पर कोई खलल ना हो इसे लेकर पुलिस भी सतर्क है और शहर के माधवचौक चौराह, गुरूद्वारा, झांसी तिराहा, फिजीकल मार्ग सहित शहर के विभिन्न स्थानों सहित आतिशबाजी बाजार सिद्धेश्वर टेक व गांधी पार्क मैदान में भी पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था की गई है ताकि लोग के त्यौहार मे कोई व्यवधान व परेशानी ना आए।

# कॉलेज में शराब मिलने पर हंगामा, नारेबाजी के साथ धरना प्रदर्शन




## प्रभारी प्राचार्य के कार्यवाही करने के आश्वासन पर माने कार्यकर्ता

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17अक्टूबर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शासकीय माधवराव सिंधिया कॉलेज कोलारस का घेराव कर हंगामा कर दिया। भाग संयोजक कपिल गुर्जर व नगर मंत्री श्याम शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे, कार्यकर्ता इस बात को लेकर नाराज थे कि विगत दिवस कॉलेज में शराब की बोतल मिली थी, कॉलेज की स्थिति जीर्णशीर्ण है, भवन गिरने को है, दो घंटे चले धरना प्रदर्शन में प्रभारी प्राचार्य राजीव दुबे ने कार्यकर्ताओं को समझाया। आखरी में कार्यकर्ता इस बात पर माने कि दोषियों पर कार्यवाही कर कॉलेज दशा सुधारी जाएगी, आंदोलन में कॉलेज के प्राध्यापक व छात्र कार्यकर्ताओं में खूब गहमागहमी चलती रही। इस दौरान एबीवीपी के वैदिक खेमरिया, देव जोशी, अनुज भदौरिया, सूर्या रघुवंशी, सुमित करोसिया, शरणदीप गिल, अजय जाटव, आर्यमन जाट, जुबैर खान, महेंद्र जाटव, ध्रुव जाटव, आकाश बाथम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रेम शांति और आनंद का त्यौहार है दीपावली : खान

## दून स्कूल एवं रेडिएंट ने बांसखेड़ी के बच्चों के साथ मनाया दीपोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17 अक्टूबर।** दून पब्लिक स्कूल एवं रेडिएंट आईटीआई कॉलेज द्वारा अपने सामाजिक जिम्मेदारियो का निर्वहन करते हुए बांसखेड़ी ग्राम के बच्चों के साथ दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए दून स्कूल एवं रेडिएंट के डायरेक्टर शाहिद खान ने कहा की दीपावली प्रसन्नता समृद्धि और सद्भाव का त्यौहार है। यह हमारे भीतर का प्रेम, शांति और आनंद के संचार का माध्यम है। अखलाक खान ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से कहा की असल समृद्धि ज्ञान होता है आप प्रतिदिन शाला में आए अध्ययन करें तो आपका भविष्य उज्जवल एवं समृद्ध होगा।

**मिष्ठान एवं पटाखे पाकर प्रसन्न हुए बच्चे:**

शासकीय प्राथमिक विद्यालय में मौजूद छात्र-छात्राओं को मिष्ठान एवं ग्रीन पटाखे का वितरण किया गया। जिन्हें पाकर विद्यार्थियों का मन प्रफुल्लित हो उठा और उन्होंने सावधानी बरतते हुए दिवाली को मनाने का संकल्प लिया। दून स्कूल एवं रेडिएंट के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रामीण बच्चों को उपहार भेंट किए गए। बांशखेड़ी गांव प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री जय कुमार शर्मा एवं राजीव नयन शर्मा ने रेडिएंट और दून पब्लिक स्कूल को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



### शैक्षणिक संस्थाएं एवं विद्यार्थी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें : अहमद खान

लखनऊ में एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले शान अहमद खान ने बताया कि वे भी सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत एक परिवार के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। आप सभी को भी सामाजिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी दीपावली के जश्न को पूरे उत्साह के साथ मनाया। स्कूल परिसर में जगह-जगह रंगोली बनाई गई एवं शानदार नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति देकर दीपावली के उत्सव का शुभारंभ किया। इस समारोह में रेडिएंट एवं दून का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

## बताया हृदय गति रुकने पर कैसे बचाएं जान

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17 अक्टूबर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में श्रीमंत राजमाता विजया राजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय, चिकित्सालय शिवपुरी के अधिष्ठाता डॉक्टर डी.परमहंस के मार्गदर्शन में आज 17 अक्तूबर को कार्यक्रम के नोडल डॉक्टर अनंत राखोंडे, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा अग्रवाल के नेतृत्व में सीपीआर नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल, एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम



प्रतिभागियों को जीवनरक्षक तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान (नुक्कड़ नाटक) का उद्देश्य युवाओं को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाना है।

चिकित्सालय अधीक्षक ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम 13 से 17 अक्टूबर तक मेडिकल कॉलेज में मनाया गया, जिसका उद्देश्य लोगों में सीपीआर के प्रति जागरूकता फैलाना। हमारे प्रशिक्षित कार्यक्रम के नोडल डॉक्टर अनंत राखोंडे, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा अग्रवाल द्वारा पी जी डॉक्टर, जूनियर डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, आउटसोर्स स्टाफ, एमबीबीएस छात्र-छात्राओं सहित अधिक से अधिक लोगों को इसका प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल डॉक्टर अनंत राखोंडे नेकहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा अस्पताल पहुंचने से पहले सीपीआर देकर किसी का भी जीवन बचाने में सहायता की जा सकती है। कई बार बिजली का झटका लगने से सांस रुक जाती है। ऐसे में मरीज को अस्पताल पहुंचाने से पहले सीपीआर देकर उसकी जान बचा सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति डूब जाता है और उसे सांस नहीं आ रही है तो सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा अग्रवाल ने बताया कि नुक्क? नाटक के माध्यम से हमारे कॉलेज के छात्र- छात्रओं ने सीपीआर देने की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन भी कर यह बताने का प्रयास किया कि हृदय गति रुकने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत मरीज को सीपीआर देना चाहिए, जिससे उसकी जान बचाई जा सके। डॉक्टर शिल्पा के द्वारा फास्ट फूड से परहेज करने तथा घर का बना पौष्टिक भोजन खाने की सलाह दी। कार्यक्रम में चिकित्सालय अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष चौऋषि, विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनंत राखोंडे, विभागाध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा अग्रवाल, डॉक्टर रमन ओहारी, सहा. पीआरओ राहुल अष्ठाना, आमजन सहित कॉलेज के समस्त वरिष्ठ सीनीयर, जूनियर डॉक्टर्स, पैरामेडिकल छात्र-छात्राऐं उपस्थित हुए।

# प्रियंका शर्मा बनीं श्योपुर जिले की मीडिया प्रभारी



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने के द्वारा शुक्रवार को अपने प्रदेश के विभिन्न जिलों में कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ताओं को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है और इसकी सूची जारी की गई है जिसमें जिला मुख्यालय शिवपुरी निवासी कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती प्रियंका शर्मा को श्योपुर जिले का मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर श्रीमती प्रियंका शर्मा ने कहा कि निश्चित ही प्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस के मीडिया विभाग के निर्देशानुसार मीडिया प्रभारी के रूप में दी गई जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है और हम प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जनता को भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत कराऐंगें और अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर कांग्रेस की बात को जन-जन तक पहुंचाऐंगें। यहां बताना होगा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं कम्युनिकेशन प्रमुख अभय तिवारी द्वारा जारी पत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन एवं मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक की सहमति से नियुक्ती की गई है।

### इन क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

शिवपुरी। रखरखाव का कार्य किये जाने के कारण 33/11 के. व्ही. बाणगंगा उपकेन्द्र के अंतर्गत आने वाले 11 के.व्ही. सोनचिरैया, चीलोद, शिवपुरी सिटी, टीव्ही टावर, आर.के.पुरम, विष्णुमदिर एवं सेलिंग क्लब फीडर पर 18 अक्टूबर को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त फीडरों के बंद रहने से सुबह 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक द्वारकापुरी, नमोनगर, ग्वालियर बायपास, संजय कालोनी, इंदरा कालोनी, फिजीकल, चीलीद, शंकर कालोनी, कोर्ट रोड, सदर बाजार, पटेल नगर, अशोक विहार, शिवशक्ति नगर, विवेकनंद पुरम्, शान्ति नगर, मोहनी सागर, प्रियदर्शनी नगर, वनविहार, करौदी सम्पमैल फक्कड कालोनी, विष्णुमंदिर के पीछे, गुलाब सहाव की दर्गा, श्यामलाल का बगीचा सिद्धेश्वर, सेलिंग क्लब, वनविधालय इत्यादि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कलेक्टर को मिला पुरस्कार



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17अक्टूबर।** शिवपुरी जिले में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी को सम्मानित किया है। दिल्ली में आयोजित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी को यह सम्मान प्रदान किया। दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर को सम्मान के लिए आमंत्रित किया गया था। शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के समर्पण, सहयोग व सामंजस्य को इसका श्रेय दिया है। गौरतलब है कि शिवपुरी जिले में पीएम जनमन योजना के तहत आदिवासी हितग्राहियों के लिए चलाई जा रही इस योजना में जिले में अभी तक 29000 से अधिक आवास निर्मित हो चुके हैं। पूरे देश में सबसे ज्यादा आवास शिवपुरी जिले में निर्मित हुए हैं।

# स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17 अक्टूबर।** दूर संचार वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के द्वारा संस्थान के डीआईजी महेश कलावत के नेतृत्व में हिमवीर पदाधिकारियों ने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत फिट इंडिया फीडम रन 6.0 का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कालूराम मीणा, द्वितीय कमान, दूरसंचार वाहिनी द्वारा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत आयोजित की गई, फिट इंडिया फ्रीडम रन को हरी झंडी दिखा कर शुरूआत की गई। यह दौड़ कैंप परिसर से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा चौक से होते हुए पुन- वापिस आई.टी.बी.पी. कैम्पस तक आयोजित की गई। फिट इंडिया फ्रीडम रन के माध्यम से आम जनता को फिटनेस व स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। फिट इंडिया फीडम रन में दूरसंचार वाहिनी के पदाधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिको द्वारा भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया।

### अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर की कार्यवाही

**ग्वालियर।** नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिसमें कॉलोनाइजरों द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर एवं नगर निगम ग्वालियर की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जा रहे थे। जिन पर आज कार्यवाही करते हुए निगम अमले द्वारा विकास कार्यों को हटाया गया। भवन अधिकारी श्री ब्रिज किशोर त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार सिटी प्लानर श्री एपीएस जादौन के निर्देशन में नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज क्षेत्र क्रमांक 7 वार्ड क्रमांक 3 अंतर्गत आउखाना कलां पर निर्माणाधीन अवैध कॉलोनी पर कार्यवाही सडकें आदि निर्माण कार्य को हटाया गया।

# एनएसयूआई ने यूआईटी कॉलेज डायरेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17 अक्टूबर।** एनएसयूआई यूआईटी आरजीपीवी शिवपुरी टीम ने उपनिदेशक एस.के.धाकड़ को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन कॉलेज में छात्रों द्वारा झेली जा रही विभिन्न समस्याओं और उनके त्वरित समाधान की मांग को लेकर दिया गया।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु सिंह कुशवाह द्वारा कॉलेज के निरीक्षण में पाया वाटर कूलर में मेंढक तैर रहे है, परिसर में मृत सांप पाया गया, असंख्य मधुमक्खी के छत्ते लगे है, हॉस्टल में कुत्ते विचरण कर रहे थे, जलभराव में मच्छर का लार्वा पनप रहा है। कॉलेज में न कोई साफ सफाई नजर आई न कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार मिला। ओपन ऑडिटोरियम में वर्षो से पानी जमा है जिसकी बदहाल स्थिति देखने लायक भी नहीं है।कॉलेज ग्राउंड में लंबी घास खड़ी है जिसमें सांप बिच्छू होने का डर है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से हॉस्टल की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, कैंटीन की स्थिति, इंटरनेट की समस्या, बस सुविधा, पुस्तकालय समय, और कॉलेज परिसर की सुरक्षा जैसी छात्रहित से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों को शामिल किया गया। एनएसयूआई ने बताया कि छात्रों को अध्ययन के लिए बेहतर माहौल मिलना चाहिए और प्रशासन को इन समस्याओं पर तत्काल ध्यान देना चाहिए। एनएसयूआई ने यह भी कहा कि यदि इन मुद्दों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो छात्र संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।इस अवसर पर एनएसयूआई कार्यकर्ता शुभम धाकड़, राहुल प्रजापति, रौनक बुद्धराज एवं सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।




# एनएसएस स्वयंसेवकों का थाटीपुर स्कूल में पोषण थाली पर किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 17अक्टूबर।** माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान की एनएसएस इकाइयों 1 और 2 के स्वयंसेवकों ने आठवे राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, थाटीपुर, काल्पी पुल में कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य संतुलित आहार, आहार -विविधता और सूक्ष्मपोषकों के महत्व की विद्यार्थियों में वैज्ञानिक और सामान्य समझ विकसित करना था, साथ ही स्थानीय, मौसमी और किफायती खाद्य विकल्पों के माध्यम से कुपोषण-निवारण के व्यावहारिक उपाय सुझाना। सत्र में पोषण थाली की संकल्पना को खाद्य समूहों, जैसे अनाज, दाल, दूध, हरी पत्तेदार सब्जियाँ, रंग-बिरंगे फल और बीज युक्त आहार के उदाहरणों के साथ समझाया गया। विद्यार्थियों ने गतिविधि-आधारित अभ्यासों के माध्यम से भाग-नियंत्रण, इंद्रधनुषी थाली का सिद्धांत, तथा लौह, फोलिक अम्ल और विटामिन ए जैसे सूक्ष्मपोषकों की भूमिकाएँ समझीं। एनीमिया-रोधी आहार, मोटे अनाज का समावेश, स्वच्छता और हाथ धुलाई, सुरक्षित पेयजल, और विद्यालयीन आयु-वर्ग की विशेष पोषण आवश्यकताओं पर भी चर्चा हुई। स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों के साथ सक्रिय संवाद किया और उनके भोजन से संबंधित संदेहों का निवारण किया। कार्यक्रम संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक रोहित गौड़, कृष्णा अग्रवाल, प्रियांशु, अनुराग सिंह एवं दुष्यंत शर्मा ने किया।

# कार्यपालन यंत्री अहिरवार को सौंपा ग्वालियर पूर्व का प्रभार

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 17अक्टूबर ।** कार्य सुविधा की दृष्टि से श्री सुरेश अहिरवार सहायक यंत्री को ग्वालियर पूर्व विधानसभा अंतर्गत प्रभारी कार्यपालन यंत्री का दायित्व सौंपा गया। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के द्वारा जारी आदेशानुसार माननीय उच्च न्यायालय द्वारा श्री सुरेश अहिरवार का निलंबन आदेश दिनांक 3.10.2025 को स्टे किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निलंबन आदेश स्टे किये जाने से श्री अहिरवार को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अंतिम आदेश के अध्याधीन कार्य पर ज्वाइन किया जाता है। वर्तमान में नगर निगम ग्वालियर अंतर्गत कार्यपालन यंत्री की कमी को दृष्टिगत रखते हुए कार्य सुविधा की दृष्टि से सुरेश अहिरवार सहायक यंत्री को ग्वालियर पूर्व विधानसभा अंतर्गत प्रभारी कार्यपालन यंत्री का दायित्व सौंपा जाता है तथा श्री एपीएस जादौन प्र. कार्यपालन यंत्री ग्वालियर पूर्व विधानसभा के दायित्व से मुक्त रहेंगे एवं इनके शेष कार्य यथावत रहेगें।

### जेसी मिल स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित



**ग्वालियर।** छात्र छात्राओं ने दीपावली के पूर्व रंगोली बनाकर एवं दिये सजाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। जे. सी. मिल्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिरला नगर के प्राचार्य डॉ.आर.सी.गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में रंगोली बनाओ दिये सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। छात्र छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियॉ बनाकर एवं दिये सजाकर शिक्षकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक नीतू गुर्जर, अंजना अग्रवाल ने निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन तृप्ति गौड़, पूनम राजपूत, कोमलता तोमर एवं पूजा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। आभार प्रेमचंद ने व्यक्त किया।